12-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/12/2024 8:10 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4 गोपालपुर उपार्जन केन्द्र में धान की तौल गलत, किसान हो रहे परेशान



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## खबर संक्षेप

### कुटमा में पीएम जनमन शिविर आयोजित

**जशपुरनगर।** विकासखंड बगीचा अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत पहाड़ी कोरवा बाहुल्या ग्राम कुटमा में पीएम जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवा समुदाय के बेरोजगार युवक युवतीयों को फायर फाइटर कोर्स अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग किया गया। जिसमें पहाड़ी कोरवा के युवक युवतीयों द्वारा उत्साह के साथ प्रशिक्षण हेतु अपना नाम दिया। जिला कौशल विकास अधिकारी, सहायक संचालक प्रकाश यादव ने बताया कि पहाड़ी कोरवा समुदाय के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए फायरफाइटर हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रत्येक व्यक्ति को मासिक 8 से 15 हज़ार तक आय प्राप्त होगी। प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा की जाएगी।

### जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक 04 के नियम 08 के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए वर्ष 2024 के लिए जशपुर जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इनमें 26 मार्च 2024 मंगलवार होली का दूसरा दिन, 10 सितम्बर 2024 मंगलवार नवाखाई तथा 11 अक्टूबर 2024 शुक्रवार दशहरा (अष्टमी व महानवमी) शामिल है। उक्त अवकाश कोषालय, उप कोषालय, बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 24 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 06 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत सन्ना तहसील के ग्राम दनगरी निवासी स्व.दिपेश का कुऑ के पानी में डूबने से 26 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सुधन राम एवं ग्राम सन्ना निवासी आयुष राम का नाला के पानी में डुबने से 12 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के तिपा जलसेन हेतु 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार कामारिमा निवासी स्व.विजय राम का सर्पदंश से 03 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की माता बालकुवारी, सर्पदंश से ग्राम महनई निवासी तेरस राम का 31 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता लिखु राम और सोमारू राम की मृत्यु 03 सितम्बर 2023 को हो जाने के कारण निकटम वारिस मृतक के पिता सोमारू राम तथा ग्राम भड़िया निवासी बिन्दु की मृत्यु 04 सितम्बर 2023 को हो जाने से मृतक के निकटम वारिस मृतक के पिता सनवर राम हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई।

### 7 दिवसीय एनएसएस कैम्प शुरू

**जशपुरनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोरा के सात दिवसीय एनएसएस कैम्प का शुभारंभ शुक्रवार को प्राचार्य डॉ.विजय रक्षित ने किया। ग्राम कोरवाडेरा में आयोजित कैम्प में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी एसपी भगत उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यार्पण और दीपप्रजवलित कर किया गया।

## खेल मंत्रालय भारत सरकार का आयोजन

# नासिक युवा उत्सव में भाग ले रहे नगर के पांच युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नेहरू युवा केंद्र के यूथ मेंबर्स जशपुर के संजीव कुमार भगत, विकास कुमार चौहान, संदीप कुमार प्रजापति, अभय कुमार भगत शामिल होंगे। संजीव कुमार भगत, संदीप कुमार प्रजापति दोनो ही एन ई एस महाविद्यालय के छात्र रहे है और नेहरू युवा केंद्र के साथ हर कार्यक्रम में बराबर उपस्थिति देते रहे है।

अभय कुमार भगत भी जशपुर में ही अध्यन्नरत है। विकास कुमार चौहान कुनकुरी से आते है उन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चन्द्रा की अगुवाई में दिल्ली में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में संजीव कुमार भगत के साथ शामिल हुए थे। राष्ट्रीय युवा उत्सव 12 जनवरी से 16 जनवरी तक नासिक में आयोजित हो रही है। युवा उत्सव में युवा कृति, फूड फेस्टिवल, यंग आर्टिस्ट कैंप सहित अनेकों कार्यक्रम पूरे एक सप्ताह आयोजित होगी जिसमे पूरे देश के हर जिले से युवा भाग लेंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन 12 जनवरी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान महाराष्ट्र के अनेक मंत्री अधिकारी समेत केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री उपस्थित रहे। जशपुर के युवाओं को आगे ले जाने में नेहरू युवा केंद्र जशपुर की जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पावर का बहुत अधिक योगदान है। इनके द्वारा समय समय पे युवा हित में कार्यक्रम कराए जाते रहे हैं। जिससे जशपुर के युवा देश हित में आगे आ रहे है। और राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में भाग लेकर जशपुर को गौरवान्वित कर रहे है। राष्ट्रीय युवा उत्सव की शुरुवात 1995 में हुई थी। तब से आज तक नेहरू युवा केंद्र और रासेयो के द्वारा हर साल इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। 12 जनवरी से 16 जनवरी तक चलने वाले इस उत्सव में 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 8000 से अधिक युवा शामिल हो रहे है।




## विवेकानंद जयंती पर निकाली गई झांकी

**पत्थलगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर ने विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय दिवस मनाया। यहां छात्र-छात्राओं ने विवेकानंद जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर युवाओं को उनका संदेश सुनाया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने कहा विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे,उन्होंने ने देश ही नहीं दुनिया में भी भारत का नाम आगे किया था। शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर ने विवेकानंद जयंती के मौके पर बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ जशपुर रोड ,अंबिकापुर रोड व रायगढ़ रोड में रैली निकाल कर भ्रमण किया। रते हुए विवेकानंद जयंती मनाई गई।



# हितग्राहियों को दी गई मोदी गारंटी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शनि मंदिर के पास मोदी की गारंटी योजना व विकसित भारत योजना की जानकारी हितग्राहियों को देते हुए उनसे फार्म भरवाया गया। इस दौरान आधार कार्ड, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना,आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, पेंशन योजना, के साथ स्वास्थ परीक्षण शामिल रहा। यह जानकारी भाजपा के स्थानीय नेताओं ने कार्यक्रम में पहुंच रहे लोगों को दी।

■ विकसित भारत योजना की भी दी गई जानकारी

शासन से आये विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन वहीं मौजूद रहा जिसमें योजनाओं के नाम लिखे थे। इस मौके पर छतीसगढ़ के लोक कला पारम्परिक लोक गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौजूद लोगों ने कहा कि इन योजनाओं लोगों को फायदा होगा ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया विवेकानंद जयंती



**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चराईडाड विकासखंड दुलदुला में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय कुनकुरी के प्राचार्य विनायक साय थे जबकि विषेश अतिथि के रूप में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड से शीतल कुमारी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत गीत से किया गया। इस मौके पर हरिद्वार से आए बहनों ने टाइम मैनेजमेंट एवं लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने उनकी बातें ध्यान से सुनी। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र- छात्राएं विशेष रूप से इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कक्षा ग्यारहवीं के छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस




**जशपुरनगर।** शासकीय पॉलिटेक्निक जशपुर में स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। संस्था में प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर संस्था के प्रथम वर्ष के छात्र युजिन टोप्पो द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा उनके विचारों का वाचन किया गया। संस्था के मैकेनिकल ब्रांच की व्याख्याता सुश्री प्रणिता सोरेंग के द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने प्रथम महिला शिक्षिका डॉ सावित्रीबाई फुले के जीवन का उदाहरण दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जीएस बेदी के द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों को एनएसएस बैजए कैप एवं पुस्तिका का वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ जीएस बेदी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी लखन यादव, संस्था के अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एसडीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कुनकुरी एसडीएम श्रीमती श्यामा पटेल ने आज दुलदुला विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया और मरीजों को दिए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जेडीएस बैठक में आवश्यक कार्य लेने निर्देशित किया। साथ ही फार्मेसी स्टोर के दवाईयों की जांच की गई। जांच के दौरान सभी दवाईयॉ सही पाया गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के 20 बेड के विस्तार हेतु 12 डिसमिल जमनी उपलब्ध कराने के लिए तहसीलदार दुलदुला को निर्देशित किया गया।

# जीत के बाद पहली बार बगीचा पहुंची विधायक रायमुनी



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते विधायक ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधायक रायमुनी भगत जीत के बाद पहली बार बगीचा पहुंचीं। अपने बगीचा प्रवास के दौरान वे करमा, रमसमा, बछरावां, साहीडांड और बगीचा स्थित रामकृष्ण आश्रम का दौरा कर विधान सभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान लोगों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया।

विधायक क्षेत्र का दौरा करते हुए अपने गांव भी पहुंची। गांव में उनका बड़ी आत्मीयता से स्वागत किया गया। रायमुनी ने लोगों से मुलाकात कर उन्हें प्राप्त मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आम जनता को आश्वस्त किया,कि उनकी समस्याओं का यथा संभव निराकरण किया जाएगा। रायमुनी ने आम लोंगो से अपील की,कि उनसे सीधे जुड़ कर क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। इस पूरे मेल मिलाप कार्यक्रम के दौरान विधायक के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृपा शंकर भगत, किशन मोर्चा मंडल अध्यक्ष बगीचा महावीर यादव, महामंत्री बगीचा हरीश कुमार आरिख, करमा के सरपंच ललित कुमार यादव, बसंती डेहरी, सचिव विवेक गुप्ता के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ अपनी जीत के लिए लोगों के प्रति जताया आभार

## विश्व हिंदी दिवस पर आत्मानंद से मुक्ति दिलाने का आग्रह

**जशपुरनगर।** वे काले दिन थे, दुर्भाग्यपूर्ण समय था जब हिंदी माध्यम के विद्यालयों समाप्त कर या क्रमिक कक्षा ह्रास द्वारा समाप्त करते हुए तेजी से धड़ाधड़ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुले। यह कदम अनैतिक, अनुचित और अविधिक था, पर रोकता कौन और कैसे जब सरकार ही ये कर रही हो। डॉ रवींद्र कुमार वर्मा ने ये बाते कहते हुए पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाया की सरकार ने भारत से हिंदी को समाप्त करने की जैसे कसम ही खा ली थी।

# बनाया गया राशन व आयुष्मान कार्ड, खोला गया बैंक खाता



**जशपुरनगर।** जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने हर दिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहाड़ी, बिरहोर समुदाय वाले क्षेत्रों में पूरा प्रशासनिक अमला पहुंचकर लोगों को योजना की जानकारी देने के साथ-साथ लाभान्वित भी कर रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बगीचा, कुनकुरी और मनोरा विकाखण्डों के क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट व पंचायत में पहुंचकर शिविर आयोजित कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया गया। शिविर में अधिकारी द्वारा आमजनों को केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया गया। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनजाति बहुल क्षेत्र ग्राम बगीचा के ग्राम पंचायत कुटमा, में आयोजित शिविर में लोगों का सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया।

# यशस्वी कार्यक्रम के तहत् प्राचार्यों की समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन से चलाए जा रहे यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर विकास खंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के तिमाही व छःमाही परीक्षा के परिणामों की समीक्षा की गई।

■ बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए दिए गए टिप्स

बैठक में विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, मिशन 40 डेज के तहत किये जा रहे कार्य, 100 प्रतिशत परिणाम हेतु विद्यालय की रणनीति, प्रावीण्य सूची में बच्चों को लाने की रणनीति आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी विद्यालयों को मिशन 40 डेज का पालन करते हुए निर्धारित गतिविधियों का संपादन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम अच्छे बच्चे एवं कम अच्छे बच्चों का चिन्हांकन करें। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रत्येक विषय में पूर्णांक के तीन गुणा अंकों का प्रश्न व उत्तर के साथ तैयार करना चाहिए और इसी के आधार पर प्रतिदिन विद्यार्थियों का प्रत्येक विषय का एक-एक घंटे का विषयवार टेस्ट लें। मूल्यांकन उपरांत बच्चों से ही उत्तरपुस्तिका बच्चों के बीच अदला-बदली कर मूल्यांकन कराएं और विषय शिक्षकों को भी उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कर बच्चों की कमी का समाधान करें। श्री गुप्ता ने कहा कि विद्यालयों में प्रतिदिन 90-90 मिनट के तीन विषयों के कालखण्ड लगायें और अगले दिन शेष विषयों का। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सफलता के तीन सूत्र है। विद्यार्थियों को अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करना चाहिए, पुरा मन लगाकर अपने कार्य को करना चाहिए और कार्य को सर्वश्रेष्ठ तरीके से करना चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में बच्चा तब अपना स्थान बनाने में कामयाब होता है जब शिक्षक उसके लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करता है। विद्यालय के प्राचार्य को अपने विद्यालय के बेहतर परिणाम हेतु शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थियों को भी मोटिवेट करना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि जिले के बच्चों में लिखने की क्षमता में कमी है इस कारण शिक्षकों को विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के विषयवस्तु का प्रतिदिन बार-बार लिखने का अभ्यास कराएं। मिशन 40 डेज की कार्ययोजना का क्रियान्वयन सही तरीके से कराये जाने से प्रत्येक विद्यार्थी को परीक्षा पूर्व तक प्रत्येक विषय का कम से कम 20 घंटे का लिखित पुनरावृति अभ्यास हो जाएगा।

## जीवन में सुरक्षित ड्रायविंग व हेलमेंट की अनिवार्यता जरुरी

# नेयुके स्वयंसेवक करेंगे यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक

**जशपुरनगर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार के मार्गदर्शन में स्वयं सेवकों ने शुक्रवार को शासकीय राम भजन राय एनईएस कॉलेज में युवा दिवास का आयोजन किया। इसके अंतर्गत प्लाग रन के माध्यम से लोगो को सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर जशपुर रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक में हो रहे कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया गया। तत्पश्चात युवाओं ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के छात्र गुरु द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के वेशभूषा में उद्बोधन किया गया। साथ हीजिला स्तरीय विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता के विजेता अनंत शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ वि के रक्षित, रासेयो प्रभारी डा वीके तिवारी एवम नेहरू युवा केंद्र जशपुर की जिला युवा अधिकारी, सुमेधा पवार शामिल रहे। कार्यक्रम में युवाओं के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें यातायात विभाग के आरक्षक अनूप खलखो यातायात थाना जशपुर नगर ने युवाओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि हेलमेट की जीवन में आवश्यकता क्या है और सुरक्षित ड्राइविंग कैसे की जाए इन मुद्दो पर विस्तार से बताया। एवं ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लाइसेंस बनवानी की विधि क्या है एवं उसके लाभ क्या क्या है। एवम प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को बताया कि हमारा जीवन कितना मूल्यवान है एवं इन छोटी गलतियों से हम अपना जीवन दाव पर ना लगाएं और सुरक्षित ड्राइविंग करें चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवम कैडेट कोर के स्वयंसेवकों ने ने भाग लिया। रासेयो प्रभारी डा वीके तिवारी जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में उन्हें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान चयनित 25 मेरे युवा भारत स्वयंसेवक यातायात पुलिस के साथ जुड़कर आम जनों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे एवं 30 दिवसीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।




यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करते।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी



**जशपुरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। इस यात्रा के दौरान आम लोगों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत सरकार व राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जनपद पंचायत अंतर्गत कलस्टर बनाकर ग्राम स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसमें विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत चेटबा, ग्राम खुटीटोली, पत्थगांव के ग्राम पंचायत बंधनपुर, बगीचा के छिछली-र सहित अन्य विकासखंड के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी



**लॉस एंजेलिस।** 81वें गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स 2024 के बाद अब, स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी कर दी गई है। यह सम्मान स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड-अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टेलीविजन एंड रेडियो आर्टिस्ट्स (एसएजी-एएफटीआरए) द्वारा दिए जाते हैं। गोल्डन ग्लोब्स और ऑस्कर की तरह, एसएजी अवाड्र्स हॉलीवुड में सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। हालांकि, सिलियन मर्फी, ब्रैडली कूपर, कोलमैन डोमिंगो, एमिली ब्लंट, जोडी फोस्टर, विलेम डेफो, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, रयान गोसलिंग, रॉबर्ट डी नीरो, लिली ग्लैडस्टोन, केरी मुलिगन, मार्गोट के रूप में एसएजी नामांकन ने एक बार फिर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। रॉबी, एम्मा स्टोन, जेनिफर एनिस्टन, एलिजाबेथ डेबिकी, पेड्रो पास्कल और कई अन्य अभिनेताओं ने प्रतिष्ठित नामांकन हासिल किया है।'इट इज ए टेल टोल्ड बाय एन इडियट' सक्सेशन, द मॉर्निंग शो, द क्राउन, द लास्ट ऑफ अस और द गिल्डेड एज जैसे नाटकों को ड्रामा सीरीज श्रेणी के लिए नामांकन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा बार्बी, द कलर पर्पल, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, ओपेनहाइमर और अमेरिकन फिक्शन को बेस्ट मोशन पिक्चर कैटेगरी के लिए नामांकन मिला है। 30वां स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स पहली बार नेटफ्लिक्स पर विश्व स्तर पर लाइव स्ट्रीमिंग करके इतिहास रचेगा। 24 फरवरी को दर्शक इसका लुत्फ उठा सकेंगे। -

### टालीवुड

## प्रभास ने जारी किया फिल्म 'द गोट लाइफ' का फर्स्ट लुक पोस्टर



**चेन्नई।** प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन ने हाल ही में प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सालार' में साथ नजर आए हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। 22 दिसंबर को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर अब भी शानदार कारोबार कर रही है। इस फिल्म के बाद पृथ्वीराज अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट द गोट लाइफ (आदुजीविथम) में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सलार की धांसू कमाई के बीच प्रभास ने पृथ्वीराज सुकुमारन की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया है। रिबेल स्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, पृथ्वीराज सर की द गोट लाइफ - अदम्य मानवीय भावना की यात्रा के आधिकारिक फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण करते हुए रोमांचित हूं।₹ इस पोस्ट से साफतौर पर जाहिर होता है कि सलार की शूटिंग के दौरान दोनों सितारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बन गई है। आदुजीविथम या द गोट लाइफ की बात करें तो फिल्म नजीब नाम के एक मलयाली आप्रवासी मजदूर के बारे में बात करती है ।ॉजो सऊदी अरब के एक एकांत खेत में चरवाहे के रूप में गुलामी करने को मजबूर है। फिल्म के निर्देशक ब्लेसी ने उपन्यास पढ़ने के एक साल बाद इस फिल्म पर काम शुरू कर दिया था। 2009 में निर्देशक ने कहानी के मूल लेखक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इसे एक स्क्रिप्ट में विकसित किया।
जिसमें बाद में पृथ्वीराज को भी मुख्य भूमिका में लिया गया।

### छॉलीवुड

## कभी मजदूर रहे शिवा अपनी फिल्म में भी इसी भूमिका में, आज आएगी 'माटी पुत्र



**रायपुर।** रूपहले परदे पर शुक्रवार 12 जनवरी को रिलीज हो रही छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माटी पुत्र' के साथ एक संयोग जुड़ा हुआ है। इस फिल्म के लीड एक्टर शिवा साहू ने डबल एमए किया है लेकिन अब तक उन्होंने कई तरह की जॉब भी की है। इनमें रायपुर में मजदूरी भी की है। संयोग से शिवा अपनी पहली फिल्म 'माटी पुत्र' में भी वह मजदूर की भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज को लेकर शिवा बेहद उत्साहित हैं। वह कहते हैं मैं बचपन में रामलीला करता था। एक बार राम का पात्र निभाने वाला कलाकार नहीं आया। राम का प्ले करने की जिम्मेदारी मुझे दी गई। मेरे काम को बहुत सराहा गया। तब से अभिनय की नींव पड़ चुकी थी। शिवा ने बताया कि माटीपुत्र की कहानी मैंने कोविड के दौरान लिखी। इससे पहले मैंने एक शॉर्ट फिल्म युवा शक्ति में भी अभिनय किया था लेकिन फिल्म अभी तक नहीं आई है। जब मैं पीएससी की कोचिंग कर रहा था तो टीचर्स कहते थे कि तुमको तो हीरो बनना चाहिए। शिवा ने बताया, वह राजनांदगांव के छोटे से गांव मुड़पार में जन्में और प्राइमरी की पढ़ाई की के बाद सुरगी में बारहवीं की। कॉलेज मैंने प्राइवेट ही किया है। गांव की पगडंडी से शुरू हुआ सफर कई शहरों से होता हुआ राजधानी रायपुर तक आ पहुंचा। शिवा को उम्मीद है कि दर्शकों को उनकी फिल्म जरूर पसंद आएगी।

लाइफ स्टाइल




नौजवानों का मेला

बर्फबारी और ठंड के इस मौसम में पेरिस में अगले सप्ताह मेंस कलेक्शन 2024-25 पर खास शो होने जा रहा है। 16 से 21 जनवरी तक होने वाले इस शो में दुनिया भर के फैशन डिजाइनर अपना कलेक्शन पेश करेंगे। खास कर टॉम फोर्ड, क्रिश्चियन डियोर, रॉल्फ लॉरेन, डोनाटेला वर्साचे, कैल्विन क्लेन, जार्जियो अरमानी और डोना कैरन के कलेक्शन से दर्शक रूबरू होंगे।

## सर्दियों में ड्राई लिप्स को सही रखने इन टिप्स को करें फॉलो

सर्दी का मौसम शुरू होते ही लिप्स ड्राई होने लगते हैं। डर्मेटोलोजिस्ट डॉ. अनिका बताती हैं-अगर आपको अपने फटे होंठों को सही रखना है तो इसके लिए जरूरी है कि आप समय-समय पर लिप बाम का इस्तेमाल करें। अगर आपके लिप्स किसी भी तरीके से सही नहीं हो रहे हैं तो बेस्ट है कि आप अपने डॉक्टर (ड्राई लिप्स को सही करने का तरीका) की सलाह लें। वो आपको सही तरीका और सही टिप्स बताएगा। जिसे फॉलो करके आप अपने लिप्स को सही कर पाएंगे। बॉडी में पानी की कमी की वजह से होंठ फटने शुरू हो जाते हैं। इन्हें सही करने के लिए आपको ज्यादा से ज्यादा पानी पीना (होंठों को सही करने के घरेलू उपाय) चाहिए। साथ ही समय-समय पर होंठों को हाइड्रेट रखना चाहिए। तभी आपके लिप्स सॉफ्ट नजर आएंगे। इससे आपकी खूबसूरती भी बढ़ जाएगी।



## ब्लाउज को न्यू लुक देने के लिए ये स्टाइल हैक्स आएंगे काम

कुछ ऐसे आसान स्टाइलिंग हैक्स हैं जिनकी मदद से आप पुराने रखे ब्लाउज को न्यू लुक दे सकती हैं और ट्रेडिशनल लुक को अप-टू-डेट बना सकती हैं। लेस वर्क में आपको कई डिजाइंस देखने को आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क में आपको आपके लुक के हिसाब से कई तरीके की किनारी व चौड़े डिजाइन की गोटा-पट्टी लेस में काफी तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। आप चाहे तो नेकलाइन या स्लीव्स पर इस तरीके की लेस लगवा सकती हैं। डिजाइन की बात करें तो आप 2 से 4 लेयर में बारीक लेस को एक साथ भी लगवाकर कस्टमाइज्ड लुक तैयार कर सकती हैं। सर्दी के मौसम में अगर आपके पास पड़ा ब्लाउज स्लीवलेस है तो आप इसके साथ अपनी पसंद की कस्टमाइज की गई जैकेट या केप बनवाकर पहन सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो केवल स्लीव्स भी बनवा सकते हैं। इस तरह के ब्लाउज को आप न केवल साड़ी, बल्कि लहंगे या शरारा सेट तक के साथ पहन सकती है। आजकल न केवल ब्लाउज, बल्कि इनकी स्लीव्स के लिए भी कई डिजाइन आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक में कई वैरायटी में डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे।



## साइड स्लिट ड्रेस पहनना है पसंद तो इन बातों का रखें ध्यान

फैशन



बॉलीवुड से लेकर आम लड़कियों तक हर किसी को स्लिट कट ड्रेस पहनने का काफी शौक चढ़ा हुआ है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहनने के बाद काफी स्टाइलिश लगती हैं साथ ही आपके लुक को और ज्यादा बोल्ड बनाती हैं। इसलिए मार्केट में आपको स्लिट कट स्कर्ट, ड्रेस यहां तक की लॉन्ग गाउन भी मिल जाएंगे, जिनमें साइड स्लिट दिया होता है। ये ड्रेस पार्टी के लिए बेस्ट होती हैं। लेकिन ये तभी अच्छी लगती हैं जब इन्हें अच्छे से स्टाइल किया जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखें ताकि साइड स्लिट कट ड्रेस में आप परफेक्ट लगे।



### ड्रेस के डिजाइन का रखें ध्यान

ड्रेस को स्टाइल करने का सबसे पहला स्टेप यही है कि आप उसके डिजाइन का खास ध्यान रखें ताकि जब आप उसे वियर करें तो अनकंफर्टेबल फील न हो। इसके लिए आप ड्रेस को पहनकर देख सकती हैं, ताकि आपको पता चल सके कि इसे वियर करने के बाद आप कितनी कम्फर्टेबल रहेगी, साथ ही जितना स्लिट ड्रेस में दिया गया है वो आपकी बॉडी पर अच्छा लग रहा है या नहीं।

### फुटवियर का रखें खास ध्यान

जब भी हम ऐसी कोई ड्रेस पहनते हैं तो इस बात को ध्यान में जरूर रखना चाहिए कि इसके साथ अच्छी फुटवियर को स्टाइल (सूट डिजाइंस) करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस ड्रेस में से आपके पैर नजर आते हैं। ऐसे में आप कोई भी फुटवियर इसके साथ स्टाइल नहीं कर सकती हैं। ऐसे तो आपका लुक और ज्यादा खराब लगने लगेगा।

### एक्सेसरीज पर दें ध्यान

कई ड्रेस ऐसी होती हैं जिनके साथ ज्यादा एक्सेसरीज को पेयर करना अच्छा नहीं लगता। ऐसे में अगर आपका ड्रेस शिमर (स्वेटर हैक्स) या फिर सीक्वेंस वर्क की हो तो इसके साथ ज्यादा एक्सेसरीज वैसे भी अच्छी नहीं लगेगी। इससे आपका लुक और ज्यादा बेकार नजर आएगा। इसलिए आप जब भी ड्रेस खरीदें तो इस बात को जरूर ध्यान में रखें।

## पुरानी शॉल को फेंके नहीं, इससे बनाएं पोंचो टॉप

जब बात शॉल की हो तो, शॉल खरीदते समय हम सभी डिजाइन और कलाकृतियां को बारीकी से देखते हुए खरीदते हैं। ऐसे में जब शॉल फट या खराब हो जाते हैं तो बहुत दुख होता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपकी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन हैं।

**शॉल से बनाएं कुर्ती :** अगर शॉल की किनारे खराब हो गए हैं तो आप इस से स्टाइलिश कुर्ती बनवा सकती हैं। इसके लिए आपको सॉफ्ट कंफर्टेबल कपड़े (बेकार और पुराने कपड़े का रीयूज) की लाइनिंग लगानी पड़ेगी। आप इससे फुल स्लीव से लेकर थ्री फोर्थ स्लीव का भी कुर्ता बनवा सकती है। इस तरह से आप पुराने अलग अलग डिजाइन वाले शॉल को रीयूज कर पहन सकती हैं।

**शॉल से बनाएं पोंचो टॉप :** मार्केट में तमाम तरह के वुलन टॉप मौजूद है। लेकिन क्या आपको पता है कि आप घर पर रखे पुराने शॉल से वुलन पोंचो टॉप बनवा सकती हैं। ये टॉप जींस के साथ स्टाइलिश लुक देते है।

**पुराने डिजाइनर शॉल से बनाएं स्टोल :** शॉल साइज में बड़े होते हैं जिस वजह से कई बार इन्हें ओढ़ने (वाशींग मशीन) में दिक्कत होती है। ऐसे में आप इन शॉल को पतले साइज में कट कर स्टोल में कन्वर्ट कर सकती हैं। किनारों को काटकर इसे सिल लें या फिर ऊन को निकालकर बांध दें। इससे स्टोल खूबसूरत लगेंगे और कैरी करने में भी आसान हो जाएंगे।



**वुलन श्रग :** शॉल का इस्तेमाल कर आप वुलन श्रग भी बना सकती हैं जिसे आप कुर्ती से लेकर साड़ी जैसे आउटफिट के साथ कैरी कर अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

## घर की खास रिश्तेदारी में है शादी तो इसके लिए वियर करें ये आउटफिट्स

वेडिंग सीजन अब दोबारा शुरू होने वाली है उसे हम हर किसी ने अपने पसंद के कपड़े पहनने के बारे में सोच तो लिया होगा। लेकिन अगर आप चाहे तो इसमें कुछ नया टच एड कर सकती हैं ताकि जब आपके रिश्तेदार आपको देखें तो आपकी तारीफ करते बिल्कुल भी न थके। इसके लिए आपको वियर करने चाहिए यहां बताए गए आउटफिट्स इसमें आप सुंदर ही नहीं बल्कि सबसे अलग नजर आएंगी।

### बनारसी सिल्क अनारकली सूट

हैवी आउटफिट्स पहनना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में आप सोनम कपूर की तरह बनारसी स्टाइल अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। ये आजकल काफी ट्रेंड में है और शादियों में अच्छे भी लगते हैं। इसमें आपको हर एक तरह के डिजाइन के अनारकली मिल जाएंगे, साथ में दुपट्टा भी हैवी डिजाइन का मिलेगा। जिससे ये सूट और भी ज्यादा सुंदर लगेगा।



इसके साथ आप मैचिंग इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये सूट आपको 2000 से 3000 रुपये में मिलेगा।

### प्लाजो पैंट सेट

अगर आपको कुछ फैंसी वियर करना है तो इसके लिए आप सोनाक्षी सिन्हा वाले आउटफिट्स को स्टाइल कर (रेडी टू वियर साड़ी) सकती हैं। इसमें आपको पूरे ड्रेस में हैवी वर्क मिलेगा। इस तरह की ड्रेस में आप स्टाइलिश लगेंगी। जिसे देखकर हर कोई तारीफ करेगा।

### फिश कट लहंगा

फिश कट स्टाइल में काफी सारी ड्रेस मिलती हैं लहंगे भी काफी ट्रेंड में है आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं लुक (वेडिंग लहंगा) को स्टाइलिश तरीके से क्रिएट करने के लिए काफी अच्छा आउटफिट है। आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आप नेट फैब्रिक में लहंगा ले सकती हैं वरना आप चाहे तो सीक्वेंस वर्क में भी लहंगा खरीद सकती हैं।


कार्नर न्यूज

### लुक्स अच्छा होगा तो आपका कॉन्फिडेंस भी होगा मजबूत

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-अपने लिए लेवल तय ऐं आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है।*

*दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं।*



### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### अलग क्या ?

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।



### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

### कोई स्टाइल स्टेटमेंट नहीं

ऑफिस के कपड़े बाकी कपड़ों से अलग होते हैं। इनको स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन हर ट्रेंड को फॉलो करने की ये जगह बिल्कुल नहीं है। आपको यहां कोई खास स्टाइल स्टेटमेंट बिल्कुल भी फॉलो नहीं करना चाहिए। ऐसा न हो कि अच्छे दिखने के चक्कर में आप ऑफिस डेकोरम को ही तोड़ दें।



# अनुराग की 'मेट्रो..इन दिनों' को मिली नई रिलीज तारीख

**मुंबई।** 'गैंगस्टर', 'बर्फी' और 'लाइफ इन अ मेट्रो' जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनुराग बसु पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो..इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, अब 'मेट्रो..इन दिनों' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। पहले यह फिल्म इसी साल 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख में बदलाव किया है। सारा और आदित्य की 'मेट्रो...इन दिन' अब 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है। यह मल्टीस्टारर फिल्म है।

लाइफ Style

# भूमि
## ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है।

अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बाद से भूमि पेडनेकर ने अपनी विविध भूमिकाओं के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक अनोखी जगह बनाई है। पिछले साल भूमि पेडनेकर की चार फिल्में 'भीड़', 'अफवाह', 'थैंक यू फार कॉलिंग' और 'लेडी किलर' रिलीज हुईं। इस साल उनकी दो फिल्में 'भक्त' और 'मेरी पत्नी का रीमेक' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली हैं लेकिन भूमि पेडनेकर की नजर ओटीटी पर है। भूमि पेडनेकर फिलहाल ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में स्ट्रीमिंग कंटेंट की लोकप्रियता अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है। एक लंबा प्रारूप एक कलाकार को वास्तव में अपने चरित्र में जीने और कुछ ऐसा बनाने का मौका देता है, जो वास्तव में प्रतिष्ठित हो सकता है। मैं बहुत सारे शो का प्रशंसक हूं। मैं इसमें आने वाली सभी सामग्री का दर्शक हूं।



हॉलीवुड मसाला




# एक्स-मेन फेम नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता एडन कैंटो का निधन हो गया है। एडन कैंटो की मौत से हॉलीवुड में शोक छा गया है। एडन ने 42 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार एडन कैंटो की मृत्यु अपेंडिक्स कैंसर से हुई। एडन कैंटो के परिवार में उनकी पत्नी स्टेफनी एन कैंटो और दो बच्चे रोमन एल्डर और ईव जोसेफिन हैं। 1981 में मैक्सिको में जन्मे और टेक्सास में पले-बढ़े एडन ने 16 साल की उम्र में मैक्सिको सिटी में एक गायक और गिटारवादक के रूप में अपना करियर शुरू किया।



# अली जुड़ेंगे हॉलीवुड एक्शन फ्रैंचाइजी से

**लॉस एंजिलस।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है। जेरार्ड बटलर अभिनीत इस फिल्म की अगली किस्त को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कंधार' को दुनियाभर में मिली शानदार प्रतिक्रिया ने निर्माताओं को इसका सीक्वल बनाने के लिए प्रेरित किया है और अली इस सफल फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन इतिहास रचने वाले हैं।



# अंजली ने खरीदा करोड़ों का घर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा को आज हर कोई जानता हैं। अपने शानदार डांस मूव्स से उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया था। बता दें कि 24 साल की अंजली अरोड़ा लग्जरी लाइफ जीने की शौकीन हैं। महंगी-महंगी कारों के साथ ही अब उन्होंने खुद का घर खरीद लिया है। जिसकी कीमत 4 करोड़ बताई जा रही है। एक्ट्रेस ने घर के ग्रह प्रवेश का वीडियो इंटरनेट पर साझा किया। हाल ही में अंजली अरोड़ा ने अपनी के लिए एक गाड़ी भी ली है, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। अंजली ने कार का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए बताया था, कि यह उनका खुद के लिए एक गिफ्ट है। रिपोर्ट की मानें तो अंजली अरोड़ा की नेटवर्थ 3 करोड़ रुपये है और आज एक्ट्रेस किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं।



# 'देवराः पार्ट 1' की पहली झलक रिलीज...

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज हो गई है। कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म 'देवराः भाग 1' नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज कर दी गयी है। यह शानदार झलक फिल्म के भव्य पैमाने और देवरा के किरदार का परिचय देती है। एनटीआर जूनियर ने हर भाषा में अपने रोंगटे खड़े कर देने वाले डायलॉग को परफेक्शन के साथ पेश कर सबको चौंका दिया है। 'देवराः पार्ट 1' में सह-कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर हैं। यह फिल्म 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

टीवी मसाला



# कॉफी विद करण शो में जीनत-नीतू ने शेयर किए कई मजेदार किस्से

**नई दिल्ली।** इस बार कॉफी विद करण सीजन 8 के 12वें एपीसोड में मेहमानों के तौर पर दो बॉलीवुड लीजेंड जीनत अमान और नीतू कपूर आईं। दोनों ने करण के साथ खुलकर बातें कीं। साथ ही, अपने जमाने की खट्टी-मीठी यादें भी साझा कीं। नीतू और जीनत के बीच शो के दौरान कमाल की बॉन्डिंग दिखी। जहां नीतू ने जीनत के बारे में बताया कि वो अपने डायट का बहुत ख्याल रखती थीं। वहीं, जीनत ने बताया कि नीतू को जब उन्होंने पहली बार पर्दे पर देखा तो वो उन्हें बहुत अच्छी लगीं। नीतू ने जीनत की तारीफ में बताया कि ये उस जमाने में भी आज की महिला जैसी थीं, बोल्ड और बेबाक। अगर इन्हें सेक्सीनेस की दुकान कहा जाए तो गलत नहीं होगा।

## दोनों ने एक साथ की हैं कई फिल्में

दोनों ने ही उस दौर को याद किया जब वो एक साथ पर्दे पर दिखीं। उन्होंने उन फिल्मों के नाम भी गिनाए और बताया कि उन्होंने धरमवीर, यादों की बारात, हीरालाल पन्नालाल, द ग्रेट गैंबलर जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। उन्होंने रेखा, परवीन बॉबी और हेमा मालिनी से जुड़ी बातें भी कीं और इन सबसे अपनी दोस्ती को भी जाहिर की।

## ऋषि कपूर से जुड़े शेयर किए किस्से

इस बीच नीतू कपूर, करण जौहर और जीनत अमान तीनों ने ही ऋषि कपूर से जुड़े किस्से और यादों भी शेयर किए। नीतू कपूर ने ऋषि कपूर के बारे में बात करते हुए कहा कि वो हमेशा से बहुत घुले मिले नहीं थे अपने बच्चों के साथ। बेशक वो प्यार करते थे लेकिन जता नहीं पाते थे लेकिन उनके अंतिम समय जब हम न्यूयॉर्क में थे वो हमारी लाइफ का बेस्ट टाइम था। वो हमारे साथ पार्टी करते, लंच पर जाते और बच्चों से भी खुल कर बात करने लगे थे। नीतू ने ये भी बताया कि वो हमेशा से ही मेरा बहुत ख्याल रखते थे। वहीं जीनत ने उनके साथ एक गाने की शूटिंग के बारे में बात करते हुए हंसते हुए बताया कि ऋषि कपूर की हाइट मुझसे कम थी और हम लोगों को कव्वाली के लिए शूट करना था। सीन में उन्हें बड़ा दिखाने के लिए उनको कुशन में बैठने को कहा गया था और मुझे पतले से गद्दे पर ताकि मेरी हाइट कम लगे। लगता है कि ये उन्हें अच्छा नहीं लग रहा होगा। वहीं करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' की शूटिंग का किस्सा याद करते हुए बताया कि मैं हमेशा ऋषि कपूर को चिंटू अंकल कहता था। उन्होंने मुझे सख्त हिदायत दी थी कि मुझे सर या सिर्फ चिंटू कहना, ये अंकल-वंकल मत कहना।

### तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया
# शाहिद-कृति की जोड़ी 9 को जमाएगी रंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को रिलीज होगी। निर्माता दिनेश विजान ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं।'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है। शाहिद कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए बताया है कि फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं, ऋतिक की धमाकेदार फिल्में

**मुंबई।** ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को हुआ था। ऐसे में उन्होंने कल अपना 50वां जन्मदिन मनाया। उनके जन्मदिन पर आप भी उनकी कुछ खास फिल्में देखना चाहते हैं तो इन दिनों उनकी उनकी एक्शन से भरपूर कई फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं हैं।

**वॉर :** ऋतिक रोशन की धमाकेदार फिल्म 'वॉर' अगर आपने नहीं देखा है तो इस खास फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकती हैं।

**अग्निपथ :** ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की जितनी तारीफ की जाए उतना कम है। इस धमाकेदार फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ऋतिक की करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में अग्निपथ भी आता है। इस फिल्म को दर्शकों की ओर से काफी पसंद किया गया है।

**फिल्म स्टार राकेश रोशन के घर 10 जनवरी 1974 को लिया था जन्म, मनाया 50वां जन्मदिन**



**बैंग बैंग :** एक्शन कॉमेडी से भरपूर ऋतिक रोशन की फिल्म 'बैंग बैंग' अगर आपने नहीं देखा है तो इस फिल्म को एक बार जरूर देखें। रितिक रोशन और कैटरीना कैफ की इस फिल्म को आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। बैंग बैंग बॉलीवुड की महंगी फिल्मों की लिस्ट में आती है।

**धूम 2 :** ऋतिक रोशन की फिल्में काफी धमाकेदार होती हैं। ऐसे में दर्शक रिलीज से पहले ही उनकी फिल्मों का इंतजार करते हैं। वैसे ही 'धूम 2' भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**कृष- 3 :** एक्शन से भरपूर फिल्म देखना चाहते हैं, तो आपको 'क्रिश 3' जरूर देखना चाहिए। साल 2013 में रिलीज हुई इस फिल्म का जादू आज तक लोगों पर है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने धमाकेदार एक्टिंग से सभी को हैरान कर दिया था। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, विवेक ओबेरॉय और कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

### 'तहान', एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर आधारित
# विंटर वेकेशन में बच्चों के संग देखें बॉलीवुड की ये ज्ञानवर्धक व शिक्षाप्रद फिल्में

***मुंबई।** बॉलीवुड की हर फिल्म बच्चों को नहीं दिखाई जा सकती है लेकिन बच्चों को पढ़ाई लिखाई, खेलकूद व एक्स्ट्रा स्किल एक्टिविटी के साथ उन्हें जीवन में आने वाली सिचुवेशन से रूबरू करवाना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए सबसे बेस्ट तरीका फिल्म दिखाना है। लेकिन, अक्सर मां-बाप के मन में यही सवाल रहता है कि अपने बच्चों को ऐसी कौनसी फिल्म दिखाएं। बता दें कि बॉलीवुड की बच्चों पर बनीं कुछ ऐसी फिल्में हैं जो मनोरंजन करने के साथ जीवन में आने वाली सिचुएशन को भी दर्शाते हैं।*



## स्टेनली का डब्बा

इस फिल्म में मुख्यतौर पर फोर्थ क्लास के बच्चों पर फोकस किया है। क्लास में स्टेनली नाम का स्टूडेंट बहुत ही बुद्धिमान और मेहनती है। उसे क्लास के बच्चे बहुत प्यार करते हैं। स्टेनली किसी वजह से अपना टिफिन नहीं ला पाता तो वहीं दूसरी तरफ हिंदी के टीचर वर्माजी बच्चों के खाने पर नजर रखे हुए होते हैं। क्लास के बच्चे अपनी टिफिन का खाना स्टेनली को खिलाना चाहते हैं, लेकिन वर्मा सर को नहीं। वर्मा जी बच्चों को एक दूसरे की टिफिन से खाना खाने के लिए डांटते हैं लेकिन खुद वही काम करते हैं। फिल्म में बड़ों की कथनी और करनी के अंतर को बच्चे बहुत साफ तरीके से देखते और महसूस करते हैं।

## भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती बम बम बोले

बम बम बोले फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती है इसमें भाई बहन के प्यार के रिश्ते को दर्शाया गया है।



## मां-बेटी की कहानी निल बटे सन्नाटा

निल बटे सन्नाटा मूवी गरीब मां-बेटी की कहानी पर बेस्ड है। बेटी को पढ़ाने के लिए मां लोगों के घरों में जाकर काम करती है ताकि वह पढ़ लिखकर नाम कमाए, लेकिन उसकी बेटी यह सोचती है कि जो काम मां करती है वही काम वह भी करेगी। मां अपने बेटी को मरे हुए सपने को जिंदा करना सिखाती है।

## स्लमडॉग मिलेनियर



यह मूवी झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों पर बनाई गई है। यह फिल्म दो भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है। वे दोनों भाई बचपन में हुए दंगे के कारण अनाथ और बेघर हो जाते हैं। फिल्म में यह बताया गया है कि गलत रास्ते पर चलने का अंजाम गलत ही होता है।

## पालतू जानवर पर बनी फिल्म तहान

तहान फिल्म में एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर बेस्टड है। तहान आठ साल का बच्चा है जो अपने दादा, मां और बहन के साथ कश्मीर में रहता है। पूरी फैमिली इस उम्मीद में रहते हैं कि तहान के पिता एक दिन जरूर वापस आएंगे। एक दिन तहान के दादा की मौत हो जाती है जिसके बाद गांव के जमींदार तहान (पुरानी फिल्में) के दोस्त बीरबल को अपने साथ लेकर चले जाते हैं क्योंकि उसके परिवार ने उनसे कर्ज लिया होता है। तहान बीरबल के बिना नहीं रह पाता है। वह बीरबल को वापस लाने के लिए हर कोशिश प्रयास करता है। इस स्टोरी में उसके स्ट्रगल को दिखाया गया है।

## खबर संक्षेप

### ढाबा संचालकों को शराब न बेचने की हिदायत

**रायगढ़।** ढाबा पर अवैध रूप से शराब परोसने और ढाबा के समीप बेतरतीब रूप से वाहन खड़ी करने की शिकायत को लेकर 8 जनवरी को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा थाना क्षेत्र के रायगढ़, धरमजयगढ़ तथा घरघोड़ा, लैलूंगा मुख्य मार्ग पर संचालित होने वाले समस्त ढाबा संचालकों को थाना तलब कर उनकी मीटिंग ली गई। थाना प्रभारी ने कड़े शब्दों में ढाबा संचालकों को हिदायद दी कि वे ढाबे में शराब सेवन होने ना दें। ढाबा में शराब पीने पिलाने की सख्त मनाही है। ढाबे पर भोजन करने आये वाहन चालकों के वाहन सड़क पर खड़ी ना होने दें। वाहनों को खड़ी करने पार्किंग की व्यवस्था करें। कोई भी ढाबा संचालक ट्रक ट्रेलर वाहन चालकों से कोयला, कबाड़ या अन्य वस्तुएं गलत तरीके से क्रय ना करें और कोई ढाबा में आये व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगे तो तत्काल थाना प्रभारी के नंबर 94791.93218 या डायल 112 को सूचित करें और सुरक्षा की दृष्टि से ढाबो में सीसीटीवी कैमरे लगाएं। थाना प्रभारी ने ढाबा संचालकों को चेताया कि उनकी टीम किसी भी समय किसी भी ढाबे को चेक किया जाएगा, वैधानिक गतिविधियां पाए जाने पर ढाबा संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कन्या छात्रावासों की निगरानी के निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने जिले में संचालित कन्या छात्रावास और आश्रम में आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण करने नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ये अधिकारी प्रत्येक माह के 10 तारीख तक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संबंधित छात्रावास आश्रम में बिंदुवार निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजेंगे।

### तीन थानों में नए प्रभारी नियुक्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक एसएसपी सदानंद कुमार ने तीन थाना प्रभारियों सहित समेत एक सहायक उप निरीक्षक का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक अनुसार कोतरारोड थाना प्रभारी विजय चेलक का तबादला को थाना प्रभारी छाल के रूप में किया गया है, छाल थाना प्रभारी श्रीनाथ त्रिपाठी को खरसिया और थाना प्रभारी खरसिया के निरीक्षक राकेश मिश्रा को कोतरारोड थाना का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेतान को थाना लैलूंगा से थाना पूंजीपथरा भेजा गया है।

### आंबा सहायिका के लिए मंगाए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र बरलिया ग्राम पंचायत बरलिया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र देवरी क्रमांक 1 ग्राम पंचायत देवरी में सहायिका के पद रिक्त होने से उक्त पदों की पूर्ति हेतु 11 जनवरी से 2 फरवरी तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण में आवेदन जमा कर सकते है।

### विखं स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**रायगढ़।** पुसौर विकास खण्ड के ग्राम तुरंगा में तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन बच्चों के गान व नृत्य विधाओं के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में विकास खण्ड के 10 जोन के प्राथमिक व माध्यमिक शाला के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए। एकल खेल जैसे जलेबी दौड़, बोरा दौड़, रस्सी दौड़, घड़ा दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ आदि हुए।

### निगम की समीक्षा बैठक, गुणवत्तापूर्ण कार्य की निगरानी के दिए निर्देश

**रायगढ़।** जो कार्य प्रगति पर हैं, उन कार्यों को जल्द पूरा करें। निर्माण कार्यों से संबंधित गुणवत्ता की सतत जांच करें और प्रगति की समय सीमा के अनुसार प्रतिवेदन देंवे। शहर के सड़कों की जांच कर इस्टीमेट तैयार करें। उक्त बातें निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार की समीक्षा बैठक में कही। सबसे पहले निगम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

### हर एक कट्टे पर 1 से 2 किलो वजन ज्यादा लेने का मामला

# गोपालपुर उपार्जन केन्द्र में धान की तौल गलत, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

नवगठित ज़िला सारंगढ़ बिलाईगढ अंतर्गत आने वाले उपार्जन केन्द्र गोपालपुर का मामला है जहां सोमवार को 73, किसानों के नाम पर टोकन कटा हुआ था जहां 73, किसानों द्वारा 1800, सौ कट्टा उपार्जन केन्द्र गोपालपुर में धान दिया गया है। जहां किसानों के द्वारा लाए धान को उपार्जन केन्द्र प्रभारी कृष्णा चन्द्रा और हमालो के द्वारा बिना तौल किए बोरों में पलटी किया जा रहा है और हर एक कट्टे में 1 से 2 किलो वजन ज्यादा लिया जा रहा है।और उपार्जन प्रभारी द्वारा किसानों को अपने घर वजन कर लाने को बोला जा रहा है।

किसानों द्वारा लाए गए धानों को पलटीं करवाने का सिलसिला चल रहा है और शाम होते ही उपार्जन केन्द्र में हमालो द्वारा धान बोरे का सिलाई करते समय कोपरी से एक्स्ट्रा धान निकाला जा रहा है। और उपार्जन केन्द्र प्रभारी कृष्णा चन्द्रा द्वारा आंख बंद कर किसानों के धानों का खरीदी किया जा रहा है। चाहे धान खराब क्यों न हो प्रभारी को अपने फायदे से मतलब है। प्रभारी उपार्जन केन्द्र से अधिक मुनाफे के लालच मे खराब धान को भी बेख़ौफ़ ले रहा है। और न ही किसानों के लाए गए धानों को प्रभारी देखता तक नहीं और न ही धान के पास जाता है। गोपालपुर उपार्जन केन्द्र हमेशा बिलाईगढ ब्लॉक में सुखियों में रहता है। इस उपार्जन केन्द्र में प्रंबधक से लेकर आपरेटर व प्रभारी तक गलत कार्यों में लिप्त होते हैं। और ग़लत कार्यों के चर्चा पूरे आसपास क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन गया है। छत्तीसगढ़ में 1 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होता है तब से उपार्जन केन्द्र गोपालपुर में किसानों के तौर में 1से 2 किलो कांटा मारने का खेल शुरू हो जाता है जैसे जैसे खरीदी का समय अंतिम दौर आ रह है वैसे वैसे किसानों के द्वारा घर से तौल कर लाए धानों को उनके बोरों से अपने बोरे में पलटी करवाया जा रहा है। मैं नाम मात्र का धान खरीदी प्रभारी हूं मैं किसानों के द्वारा उपार्जन केन्द्र लाए गये धानों नहीं देखता और न ही हमाल लोग कितना वजन ले रहे हैं मैं नहीं जानता हूं। धान प्रभारी कृष्णा चन्द्रा के सामने सोमवार को खरीदीं किए गए धान के कट्टों को हमालो से वर्जना करवाने से पता चला कि हर 40 किलो के तौर पर 1 से 2 किलो बोरी में अधिक तौल किया गया है। जबकि सोमवार को गोपालपुर उपार्जन केन्द्र में 73, किसानों ने 1800, कट्टा धान तौल कर बेचा है जबकि उन 1800 कट्टों में 1 से 2 किलो वजन अधिक है। और रोजाना 3000 से 3600 किलो का कांटा मार कर अपनी जेबें भर रहे हैं। लगता है गोपालपुर उपार्जन में किसानों के बोरे से अधिक धान लेने की जानकारी नोडल अधिकारी अथवा सी ई ओ को जानकारी नहीं होगी। तभी तो आज गोपालपुर उपार्जन केन्द्र में खुल्लेआम किसानों के घर से तौल कर लाये धान के बोरे को अपने बोरे में बिना तौल किए बैगर पलटीं करवाया जा रहा है।


गोपाल समिति में पुराने तराजू से हो रही घट तौली।

**प्रबंधक बताएंगे**

मै अधिक तौल के बारे में कुछ नहीं जानता हूं आप प्रंबधक से बात कीजिए।

कृष्णा चन्द्रा
फंड प्रभारी, उपार्जन केन्द्र गोपालपुर

**होगी जांच**

अगर अधिक तौल कर धान लिया जा रहा होगा तो वो ग़लत है किसानों के धान बोरे से एक्स्ट्रा धान लेने का अधिकार नहीं है। इसकी जांच होगी।

माखन सिंह कंवर
सीईओ बलौदाबाजार बिलाईगढ

## डिग्री कालेज घोषित हुआ तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान शहर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए इसे प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया। साथ ही कालेज के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पादको के विक्रय प्रतिबंधित करते हुए बिक्री करते पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी कर दी। बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आदेश जारी करवाने के निर्देश दिए ताकि संबंधित अधिकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर सकें।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. आरएन मंडावी ने 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तंबाकू जागरूकता व तंबाकू मुक्त संस्थान का क्रियान्वयन तंबाकू मॉनीटरिंग एप टीएम, तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 ई.सिगरेट व हुक्का बार प्रतिबंधित किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा संशोधित अधिनियम 2021 के क्रियान्वयन विषय पर चर्चा कर जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई। संभागीय प्रतिनिधि संजय नामदेव द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं तंबाकू उत्पाद कोटपा अधिनियम 2003 की समस्त धाराओं की जानकारी दी गई।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के द्वारा जिले में समस्त पान ठेलाओ में तंबाकू उत्पाद की हो रही प्रचार प्रसार एवं अनौपचारिक रूप से क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने हेतु चर्चा की गई। उक्त बैठक के दौरान समस्त पान ठेलाओ में कोटपा एक्ट 2003 की सख्ती से पालन कर विक्रय किए जाने हेतु निर्देश दिये गये एवं शैक्षणिक संस्थान 100 गज के दायरे आस पास में स्थित सभी पान ठेलों को हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## हर पखवाड़ा सारंगढ़ -बिलाईगढ़ में आरटीओ कैंप लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ

■ कलेक्टर ने ली वाहन चालकों की बैठक

वाहन चालकों के हड़ताल करने की सूचना पर कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राइस मिल एसोसिएशन, व्यापारियों, आरटीओ, वाहन संघ जिला अध्यक्ष, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक लिया। श्री चौहान ने कहा कि जिले में बुनियादी सुविधाएं पीडीएस राशन, पेट्रोल, डीजल, दूध, धान खरीदी, समिति से धान उठाव आदि प्रभावित नहीं हो।

इसके अलावा श्री चौहान ने आरटीओ को निर्देशित किया कि जिले के नागरिकों की सुविधा के लिए लाइसेंस, ट्रायल और वाहन फिटनेस के लिए आरटीओ के अधिकारियों को जिले में माह में 2 दिन, 15 दिन में एक बार आरटीओ कैंप रायगढ़ रोड में स्थित हरदी हवाई पट्टी में आयोजित किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, वासु जैन, डीएसपी मनीष कुंवर, आरटीओ बलौदाबाजार से अधिकारी भूपेंद्र कुमार, निरीक्षक कौशिल्या रात्रे, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, डीएमओ मनोज यादव, सहायक राजस्व अधीक्षक कमलकांत स्वर्णकार उपस्थित थे।


वाहन चालकों की बैठक लेते श्री चौहान।

### अभियान चलाकर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक आयोजित कर शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक व्यक्तियों को दिलाने हेतु छूटे हुए सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाने के लिए जिले में महाभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने बताया कि जिले के लगभग सात लाख जनसंख्या में से सवा पांच लाख लोगों का ही कार्ड बना हैए जिसे पूरा करने के लिए 8,9,10 जनवरी 2024 को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में महाभियान चलाया जाएगा, ताकि सभी लोगों को राज्य एवं देश के सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख तक का लाभ मिल सके।

## निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर ने ली स्कूल के प्राचार्यों की बैठक



**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने सृजन सभाकक्ष में शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी स्कूलों के 18 वर्ष पूर्ण होने वाले सभी नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 18 पूर्ण हो चुके सभी नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवाना हैं, जिससे नए मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

उन्होंने सभी प्राचार्यो को कहा कि सभी नए मतदाताओं को वोटर हेल्प लाइन ऐप की जानकारी दे। जिससे वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ सके। इसके साथ ही ऑफलाइन में मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ के माध्यम नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने कहा के बच्चों के माध्यम से आस पास के लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत कराने के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मतदाता जागरुकता के लिए निकली ईवीएम प्रदर्शन वैन



**रायगढ़।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन के माध्यम से पूरे जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे मतदाता मशीन के द्वारा वोट डालने की पूरी प्रक्रिया को समझ सकें। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने प्रदर्शन वैन में उपस्थित प्रदर्शन सहायक को निर्देश दिए कि जहां पर भी ईवीएम का प्रदर्शन करें वहां लोगों को मशीन की पूरी कार्य प्रणाली समझाएं। कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट कैसे काम करता है इसकी पूरी जानकारी दें। उनसे मशीन में मॉक वोटिंग भी करवाएं। जिससे वे मशीन से मतदान का अनुभव ले सकें।

## कचकोबा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**तमनार।** विखं अन्तर्गत संकुल केन्द्र कचकोबा में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का 10 जनवरी को भव्य शुभारंभ किया गया। संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के लगभग 200 प्रतिभागी एव 20 शिक्षक शामिल हैं। 10 जनवरी को प्रथम दिन क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में मां शारदे की पूजन वंदन किया गया तत्पश्चात खेल ध्वज का उत्तोलन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। सभी स्कूलों के प्रतिनिधि बच्चों ने शाला ध्वज पकड़ कर मार्च फास्ट करते हुए अतिथि मंच के समक्ष गुजरते हुए खेल ध्वज के सम्मान में सैलूट कर कदमताल करते हुए आगे बढ़ते चले गए यह दृश्य देखते ही बन रहा था। अतिथियों ने बच्चों को खेल के लिए हौसला अफजाई करते हुएए अनुशासित खेल भावना से खेल कर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में हेमलाल साव जनपद पंचायत सदस्य, तिलमती सिदार जनपद पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।



## लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** बनोरा आश्रम से दर्शन कर वापस रायगढ़ लौट रहे कार सवार युवकों के साथ महापल्ली चौक पर मनी चंदेल नाम के युवक और उसके साथियों द्वारा गाली गलौच मारपीट कर 8 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए थे। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा कल फरार चारों आरोपियों को ग्राम कोतरलिया और पतरापाली पूर्व में दबिश देकर पकड़ा गया जिन्हें लूटपाट के अपराध में रिमांड बाद जेल भेजा गया है। घटना को लेकर गौशाला पारा रायगढ़ में रहने वाले स्वराज शर्मा 20 साल द्वारा 01 जनवरी को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 जनवरी को अपने कार में प्रथम शर्मा और आदित्य श्रीवास्तव के साथ बनोरा आश्रम दर्शन के लिए गया था, जहां से शाम करीब 5 बजे वापस घर लौटते समय महापल्ली चौक मेन रोड़ में चलती कार के सामने एक मोटर सायकल में सवार चार लड़के आ गये और कार रूकवाकर बाहर निकलने के लिये बोले। कार से उतरने पर चारों लड़कों द्वारा बेवजह गाली गलौच कर शर्टए पैंट के जेब की तलाशी लेने लगे।



## पुसौर टीआई की जनचौपाल और पेट्रोलिंग जारी



**पुसौर।** आए दिन हो अपराध और दुर्घटनों को देखते हुए इन दिनों प्रदेश शासन संवेदनशील है और इसे अंकुश लगाने प्रत्येक ग्रामों में चौपाल के जरिए जागरूकता लाने की योजना बनाई गई है।

इसी परिपेक्ष्य में समूचे प्रदेश में पुलिस प्रशासन के निर्देश में ग्रामों में जन चैपाल का आयोजन किए जा रहे हैं इसी कड़ी में पुसौर टीआई एक ही दिन में अपने थाने के 4 ग्रामों में लगातार जन चौपाल का आयोजन किया। जानकारी के मुताबिक एनटीपीसी लारा क्षेत्र के ग्राम रियापाली, घुटकुपाली तथा मल्दा एवं बडे हरदी में जन चौपाल का आयोजन किया जिसमें संबंधित ग्रामों के सरपंच रमेश चौहान, श्रीमती बसंती चौहान एवं सुधाशु शेखर साहू एवं उनके झाखर चौकीदार समेत ग्रामवासी मौजूद रहे। उक्त ग्रामों में टीआई धुरव अपने टीम के साथ ग्रामवासियों के साथ बैठक किया जिसमें इन्होंने युवाओं को वाहन चलाते समय सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हेलमेट पहनने के साथ संतुलित गति में बगैर नशा के चलने की नसिहत दिया वहीं महिलाओं को किसी भी अनजान व्यक्तियों से लेनदेन करते समय सावधानी बरतने की बात कही यह खासकर जेवर को लेकर था। इसी कडी मे फोन के माध्यम से गंभीर जानकारी शेयर न करने के लिए कहते हुए ग्राम में अवैध शराब बिक्री पर प्रकाश डाला। समूचे ग्रामों में एक खुशुनुमा माहौल में जन चौपाल आयोजित हुआ। शाम लगभग 7 बजे से पुसौर के बोरोडिपा से बाजार चौक तक उक्त टीम पैट्रोलिंग किए जहां देशी शराब दुकान में बने अशांति वातावरण को काबू में किया गया।

## सारंगढ़ में अब हर माह होगी मेडिकल बोर्ड की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से जिले के कार्यों की अद्यतन प्रगति के संबंध में समय सीमा की बैठक लिया।

श्री चौहान ने कहा कि सोमवार को सभी अधिकारी विभागीय कार्यों के लिए जाने वाले दौरा को स्थगित करते हुए कार्यालय में उपस्थित रहेंगे ताकि जनदर्शन में कोई नागरिक आए तो अधिकारी उपस्थित हों। कलेक्टर श्री चौहान ने अपेक्स बैंक में किसानों के खातों में जमा राशि निकालने की व्यवस्था के संबंध में उप प्रबंधक जीपी सिंह से जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि अपेक्स बैंक के सारंगढ़ और बरमकेला शाखा में किसानों को निरंतर प्रदाय किया जा रहा है। किसानों को एटीएम कार्ड प्रदान करने की व्यवस्था भी दी जा रही है। किसानों को एटीएम कार्ड एक्टिवेट करने ओटीपी आदि के लिए एक दिन अपेक्स बैंक आना होगा। इसके साथ साथ एटीएम देने से किसानों से शिकायत आता है कि कोई रिश्तेदार एटीएम से उनका पैसा आहरण कर लिया।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।